हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 सितंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

10 हेलीपैड पर वीआईपी के अलावा किसी वाहन को अनुमति ...

12 सच्ची मित्रता और भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती



## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

आवेदन की अंतिम तिथि 15/09/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


सर्वे

**लोगों को 54 बिंदुओं में कई व्यक्तिगत विवरण करने होंगे सार्वजनिक**

# पिछड़ा वर्ग आबादी का सर्वे शुरू, पूरे परिवार की तैयार की जा रही कुंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण तय करने के लिए पिछड़े वर्ग की आबादी सर्वे में पूरे परिवार की कुंडली तैयार की जा रही है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के निर्देश पर लोगों को 54 बिंदुओं में कई व्यक्तिगत जानकारी साझा करनी होगी। चल-अचल संपत्ति के कैसे अर्जित करने के अलावा परिवार की शैक्षणिक स्थिति, बीमारियों को भी साझा करना होगा।

यहां तक कि लिए कर्ज का विवरण भी देना होगा। राज्य में नगरीय और पंचायत चुनाव के लिए पिछड़े वर्ग की आबादी का प्रतिशत तय करने इस बार कई अलग-अलग बिंदु तय किए गए हैं। इनमें व्यक्तिगत विवरण के साथ घरेलू और पारिवारिक विवरण भी देना होगा। इनमें भी कई पेचीदगियां भी सामने आ रही हैं। मसलन, किसी परिवार के स्वामित्व की भूमि का प्रकार बताने के साथ यह भी जानकारी देनी होगी कि वह पैतृक संपत्ति है या दान में मिली हुई जमीन है। इधर परिवार ने अगर कोई कर्ज लिया है तो उसका भी पूरा ब्यौरा मांगा जा रहा है। इसमें कर्ज लेने का उद्देश्य भी बताना होगा। अगर किसी रिश्तेदार से कर्ज लिया गया है, तो परिवार को उसका भी पूरा विवरण देना होगा। संबंधित परिवारों के घरों में शौचालय से लेकर भोजन बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले ईंधन तक की जानकारी साझा करनी होगी। इतना ही नहीं, बल्कि परिवार को अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण भी देना होगा। घरेलू ने विवरण में कृषि, सिंचाई और घर में पशुओं की संख्या की जानकारी भी सार्वजनिक करनी होगी।




### शासन से मिल रहे लाभ की जानकारी

साहूकार या किसी परिचित अथवा राज्य शासन से मिल रहे किसी भी तरह के लाभ की जानकारी भी देनी होगी। इसके अलावा घर में बिजली कनेक्शन से संबंधित जानकारी के साथ शौचालय की व्यवस्था से लेकर यह भी बताना होगा कि परिवार में पेयजल का स्त्रोत क्या है? इसके अलावा परिवार को अपने राजनीतिक प्रतिनिधित्व निगम, बोर्ड, सहकारी समिति या किसी गैर सहकारी समिति के सदस्य होने पर भी डिटेल्स देना अनिवार्य है।

### आरक्षण नीति से लाभ की जानकारी


प्रपत्र में अगर परिवार के मुखिया या सदस्यों में 6 से 17 वर्ष और 17 से 40 वर्ष के सदस्यों के स्कूल छोड़ने की स्थिति में कारण बताना होगा। यह भी बताना होगा कि शिक्षा जारी नहीं रखने की वजह क्या है। इसी तरह आरक्षण नीति के तहत किस प्रकार से लान प्राप्त हुआ है। वहीं, व्यवसाय, रोजगार ब्यौरा मांगा गया है। शैक्षणिक योग्यता और किस उम्र में विवाह किया है, यह जानकारी भी साझा करना होगा।

## बीएलओ के साथ प्लेसमेंट कर्मचारियों की ड्यूटी, नगर में ओबीसी सर्वे शुरू

**थान खम्हरिया।** नगर पंचायत में कर्मचारियों के अभाव में ओबीसी सर्वे कार्य प्रारंभ नहीं हो सका था। समाचार पत्रो में प्रकाशन के बाद एसडीएम साजा टेकराम महेश्वरी ने थान खम्हरिया का दौरा कर सभी बीएलओ और नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारियों की ड्यूटी पर लगाई, जिससे नगर में ओबीसी सर्वे कार्य प्रारंभ हो गया है। नायब तहसीलदार प्रकाश यादव व मोरध्वज साहू ने भी अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण कार्य का विभिन्न वार्डों में घूम घूमकर जायजा लिया। इधर इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की ड्यूटी लगने के कारण नगर के लगभग आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहे। खबर है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सर्वेक्षण कार्य में हिस्सा लेना नहीं चाहते थे, जिसके लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया था। इस कारण से भी थान खम्हरिया में ओबीसी सर्वेक्षण कार्य में विलंब हुआ है।

- कर्मचारियों की कमी से थानखम्हरिया में शुरू नहीं हो सका था सर्वेक्षण

गौरतलब है कि छ ग पिछड़ा वर्ग कल्याण आरोग द्वारा पूरे प्रदेश में 1 सितंबर से अन्य पिछड़ा वर्ग का सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण कराया जा रहा है, जो 29 सितंबर तक चलेगा। वहीं, नगर पंचायत कार्यालय तबादला के बाद अधिकारी कर्मचारी विहिन हो गया है, जिसके कारण नगर में ओबीसी सर्वे कार्य भी प्रभावित हो रहा था। परंतु समाचार पत्र में प्रकाशन के बाद एसडीएम साजा ने संज्ञान लेते हुए सुबह ही थान खम्हरिया पहुँचकर सभी बीएलओ व कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया, जिसके बाद सर्वे कार्य प्रारंभ हुआ है।



### सर्वे के बाद चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया

इधर, आगामी नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग की संख्या के आधार पर ही आरक्षण स्थिति तय किया जाना है। खबर है कि इसी सर्वेक्षण के कारण अब नगरीय निकाय के लिए अध्यक्ष, महापौर तथा वार्ड पार्षदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया अक्टूबर माह में होने की संभावना है। वहीं चुनाव जनवरी के प्रथम सप्ताह तक जाने की संभावना जताई जा रही है। नगरीय निकायों में नये परिसीमन के बाद प्रभावित हुए वार्डों का नवीन मतदाता सूची तैयार कर प्रारंभिक प्रकाशन किया जाना है, जिस पर ही दावा आपत्ति कार्य किया जाना है, फिर अंतिम प्रकाशन होगा। उसके आधार पर ही चुनाव होना है। ऐसी स्थिति में अब चुनाव को लेकर संशय बरकरार है। वहीं, सब कुछ अब ओबीसी सर्वेक्षण कार्य के बाद ही तय किया जाएगा, जिसका सभी राजनितिक दलों को बेसब्री से इंतजार है।

खबर संक्षेप

### करंट लगने से मवेशी की मौत



**बेमेतरा/भिम्भौरी।** भिम्भौरी तहसील इलाके के ग्राम बोरसी में करंट लगने से एक मवेशी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी मनोज यदु सोमवार को अपने मवेशियों को बोरसी व पिरदा के चारागाह में चराने के लिए ले गया था। इसी दौरान एक मवेशी लोहे के खम्भे से टकरा गई, जिससे करंट लगने से उसकी मौत हो गई। इस दौरान झुंड में और कई मवेशी थे, जिन्हें मनोज ने दूर हटाकर उनकी और अपनी जान बचा ली। मनोज ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही उस मवेशी को डेढ़ लाख में खरीदा था। कंडरका पुलिस चौकी में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### अधिकारी-कर्मचारी कल निकालेंगे मशाल रैली



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन की बैठक जिला मुख्यालय स्थित विश्राम गृह हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार कर्मचारियों के 4 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, 11 सितंबर को मशाल रैली निकालकर सरकार को जगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि सरकार जल्द से जल्द मांगों के सम्बन्ध में घोषणा नहीं करती, तो 27 सितम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। बैठक में जिला सयोजक अश्वनी बेनर्जी, जिला महासचिव नानक साहू, सह संयोजक बलदाऊ पटेल, तृतीय वर्ग जिला अध्यक्ष हितेंद्र सिन्हा, जिला सचिव सनत वैष्णव, शिक्षक फ़ेडरेशन महामंत्री रामकुमार डड़सेना, नवागढ़ ब्लॉक संयोजक सेउक राम साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## शराब का अवैध परिवहन करते एक युवक पकड़ाया, दूसरा फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना नांदघाट थाना के ग्राम टेमरी में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखे 85 पौवा देशी मदिरा मसाला जब्त किया। आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की कारवाई की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए अपनी मोटर सायकल में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम टेमरी की ओर से शराब का परिवहन कर रहा है। उक्त सूचना पर थाना नांदघाट एवं सायबर सेल स्टाफ मौके पर पहुंचकर सूचना के आधार पर कार्रवाई। थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने के लिए परिवहन करने के 02 आरोपी अरविंद बंजारे पिता पिताम्बर बंजारे उम्र 23 साल लिमतरा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार एवं एक अन्य के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्रवाई की गई है। जिसमें एक आरोपी फरार है, जिसकी पता तलाश जारी है। वहीं, कुल 85 पौवा देशी मंदिरा मसाला शराब 15,300 मिली कीमत 9,350 रूपए एवं बिना नंबर प्लेट मोटर सायकल जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सायबर सेल बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, जावेद खान, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, जयकिशन साहू, राजेश ध्रुव, रूपेन्द्र सिंह, प्रताप यादव एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

## सेंट्रिंग प्लेट की चोरी, पुलिस के हत्थे चढ़ आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस चौकी देवकर में महीनेभर पूर्व हुई चोरी की एक मामले का रविवार को खुलासा हुआ। ग्राम कोहकाबोड़ में एक सड़क व पुल ठेकेदार के अधीनस्थ निर्माण स्थल से बिल्ड सम्बन्धित 19 नग सेंट्रिंग प्लेट को रात के अंधेरे में किसी ने चुरा लिया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर एफआईआर की जांच-विवेचना में जुटी पुलिस को महीनेभर में चोरों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

पुलिस के अनुसार चौकी देवकर में छुईखदान निवासी प्रार्थी टोपु साहू ने बतौर मेसर्स उपाध्याय कंस्ट्रक्शन दल्लीराजहरा के सुपरवाइजर के रूप में अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार गत 20 अगस्त को रात के वक्त अज्ञात चोरों ने कोहकाबोड गाँव में पुल के निर्माण स्थल से खुले में पड़े 19 नग लोहे की सेंट्रिग प्लेट की चोरी कर ली थी। दूसरे दिन सुबह नहीं मिलने पर प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जांच के दौरान देवकर पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मोहगांव निवासी संदेही साहिल खान एवं मौहाभाठा निवासी रूपेश साहू से पूछताछ की। इस पर उन्होंने सेंट्रिंग प्लेट की चोरी कर पिकअप वाहन से शबाब कबाड़ी दुकान में बेच देना बताया।

### चोरी की प्लेट खरीदने वाला कबाड़ी भी गिरफ्तार

आरोपियों के बयान के आधार पर शबाब कबाड़ी दुकान में दबिश देकर पुलिस की टीम ने करीब 05 नग लोहे की सेंट्रिग प्लेट बरामद की। इसके साथ ही चोरी किए सामान एवं वारदात में शामिल वाहन को मिलाकर कुल 2,75000/- रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इस वारदात में शामिल आरोपी मोहगांव निवासी साहिल अली पिता सुल्तान अली(23साल), मौहाभाठा निवासी रूपेश साहू पिता यशवंत साहू(21साल) व सबाब मेमन पिता मरहूम सल्लू मेनन(20साल) को विधिवत गिरफ्तारी कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया है। देवकर पुलिस चौकी की इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी द्वारिका देशलहरे, सउनि भानुप्रताप पटेल, प्र. आर. अजय लहरे, मानदास साहू, उमाशंकर ठाकुर, आरक्षक दीपक सिंह, मनीष वर्मा,भुषण मारकण्डेय, मोहित देवांगन, राजु धीवर, पुरुषोत्तम पटेल, प्रमोद पाण्डेय हुंकार दास टण्डन एंव समस्त चौकी स्टाफ देवकर का अहम भूमिका रही।

## बेरला मुख्य मार्ग से हटाएं शराब दुकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

नगर मुख्यालय बेरला स्थित अंग्रेजी एवं देशी मंदिरा दुकान के समीप बेरला-बेमेतरा मुख्य मार्ग से होते हुए प्रतिदिन विद्यार्थियों का आवागमन होता है। इसी मार्ग पर बेरला से आगे स्थित ग्राम रामपुर, कुसमी, आनदगांव, सोरला, सुरहोली इत्यादि गांव से स्कूली एवं महाविद्यालय के साथ साथ अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी अध्ययन के लिए बेरला आते हैं।

- मांग को लेकर अभाविप ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शराब दुकान मुख्य मार्ग पर स्थित होने से वहां पर अत्यधिक भीड़ लगी रहती है। उक्त स्थान से 250 मीटर में एक शैक्षणिक संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर भी उपस्थित है। मदिरा दुकान के कारण वहां 200 मीटर तक चखना दुकान भी खुल गया है, जिससे शराबी लोगों के होने के कारण दुर्घटना होने की आशंका बढ़ जाती है। वहीं, छात्राओं से दुर्व्यवहार एवं छेड़छाड़ की घटना भी सामने आती है। फिलहाल उक्त स्थान पर खुले में मछली तथा सूअर के मांस का व्यापार किया जा रहा है। मांस व्यापार के लिए पूर्व से ही नगर पंचायत द्वारा स्थान तय किया गया है। अतः उक्त स्थान से अन्यत्र मांस का ऐसे खुले में व्यापार करना ठीक नहीं है। अभाविप इकाई बेरला छात्रहित एवं समाजहित में यह मांग कि उक्त स्थान से शराब दुकान का स्थानांतरण किया जाए, वहीं, समस्त अनियमितता के लिए जवाबदार लोगों पर कार्रवाई की जाए। ▶▶| शेष पेज 11 पर

**जगदलपुर में 8 से 11 सितंबर तक हो रहा है प्रतियोगिता का आयोजन**

## राज्य स्तरीय शालेय रग्बी स्पर्धा में जिले के 10 खिलाड़ी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

राज्य स्तरीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा के दस खिलाड़ियों का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी 8 से 11 सितंबर तक जगदलपुर में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं।

विदित हो कि बीते दिनों स्कूली खेलों की क्षेत्रीय रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन बालोद में किया गया था। उक्त स्पर्धा में बेमेतरा जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इससे जहाँ बालिका वर्ग में दुर्ग, राजनांदगांव और बालोद को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं बालक 19 वर्ष आयु वर्ग में दुर्ग, राजनांदगांव और बालोद को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला तथा जिले को गौरवान्वित किया। साथ ही अपने शानदार खेल की बदौलत इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया।

इन खिलाड़ियों में जहां बालिका वर्ग में गोमती, सरस्वती, पायल, मधु, तथा काजल शामिल हैं, वहीं बालक वर्ग 19 वर्ष में दीपक कुमार, रमजान अली, हिमांशु, हिमांशु साहू, आदित्य ने राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल होने 6 सितंबर को जगदलपुर के लिए रवाना हुए।




### राष्ट्रीय स्तर पर दिलाए कई पदक

स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के खिलाड़ियों का प्रतिवर्ष राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की टीम में चयन होता है। कई बार राष्ट्रीय स्तर पर इन्होंने प्रदेश को पदक भी दिलाया है। यहाँ के खिलाडी प्रतिदिन खेलों का अभ्यास करते हैं। इसमें स्कूल के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव, रामेश्वरी साहू तथा सीनियर खिलाडी आकाश वर्मा तथा पूरे शाला परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# हेलीपैड पर वीआईपी के अलावा किसी वाहन को अनुमति नहीं, 3 किमी. क्षेत्र में ड्रोन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के विमानन विभाग ने हेलीपैड बनाने के संबंध में जारी एक एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग सिस्टम) जारी कर कहा है कि हेलीपैड पर वीआईपी के अलावा किसी और वाहन को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हेलीपैड पर जहां हेलीकाप्टर को उतरने की अनुमति दी गई है, वहां तीन किलोमीटर क्षेत्र में ड्रोन उतरने की भी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। विमानन विभाग ने पिछले महीने हेलीपैड बनाए जाने के संबंध में जारी एसओपी में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। सबसे खास बात ये है कि वीआईपी हेलीपैड की उपयुक्त गुणवत्ता की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की होगी। एक ही हेलीपैड से दो हेलीकॉप्टर संचालन के मामले में दो हेलीपैड सर्कल कम से कम 30 मीटर की दूरी पर होने चाहिए।

**हेलीपैड क्षेत्र से घास न हटाएं-** हेलीपैड की सतह कठोर, घास वाली या कंक्रीट जैसी भी हो सकती है। यह ध्यान रखना चाहिए कि सतह पर घास धूल को कम करने में मदद करती है, इसलिए हेलीपैड क्षेत्र से घास को नहीं हटाया जाना चाहिए। इसके अलावा बैरिकेड्स के अंदर के क्षेत्र में धूल, मिट्टी नहीं होनी चाहिए।

## प्रदेश के विमानन विभाग ने जारी किया एसओपी, वीईपी हेलीपैड की जिम्मेदारी कलेक्टर-एसपी की

### यहां नहीं बना सकते हेलीपैड

हेलीपैड बनाने के लिए स्थल का चयन एक महत्वपूर्ण काम है। इस संबंध में कहा गया है कि कम से कम दो विपरीत पक्षों को ऊंचे पेड़ों, इमारतों, मोबाइल टॉवर, पानी टंकी, सिग्नल एंटीना आदि जैसी बाधाओं से मुक्त रखना महत्वपूर्ण है। यात्रियों के आगमन, प्रस्थान के समय हेलीपैड में भीड़ पर नियंत्रण हो। हेलीकॉप्टर की रोटर ब्लेड बंद होने तक किसी को भी हेलीपैड बैरिकेड्स में प्रवेश नहीं करना चाहिए। उसके बाद ही आने वाले वीआईपी के स्वागत के लिए सीमित रिसेप्शन पार्टी को अंदर जाने की अनुमति दी जा सकती है। वीआईपी के हेलीपैड से प्रस्थान के बाद, किसी को भी बैरिकेड्स के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।



### वीआईपी वाहन को ही प्रवेश

हेलीपैड के अंदर वीआईपी के अलावा किसी अन्य वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी, सिवाय हेलीकॉप्टर के लिए ईंधन ले जाने वाले वाहन के। फायर टेंडर, एम्बुलेंस और ईंधन वाहन का स्थान बैरिकेड्स के बाहर ऐसी जगह पर होना चाहिए, जहां से वे भीड़ से बाधित हुए बिना हेलीपैड के अंदर पहुंच सकें। यह भी कहा गया है कि इन वाहनों की पार्किंग का स्थान हेलीकॉप्टर के लिए एप्रोच, टेकऑफ कोन क्षेत्र में नहीं होना चाहिए। हेलीकॉप्टर के उतरने, स्टार्ट-अप और टेकऑफ के समय जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई के लिए उपयुक्त फायर टेंडर उपलब्ध होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### युवा व्यापारियों को दिए बिजनेस ग्रोथ के सूत्र



**रायपुर।** युवा कैट द्वारा एक निजी होटल में आयोजित बिजनेस सेमिनार में मोटिवेशनल ट्रेनर और आर्थिक मामलों के जानकार सीए अमित चिमनानी पहुंचे। अमित ने युवा व्यापारियों को संबोधित करते हुए बिजनेस ग्रोथ के 16 सूत्र शेयर किए। अमित ने कहा, बिजनेस ग्रोथ करनी है तो मन में पैसे कमाने की भूख पैदा करनी होगी। ऐसे हर व्यक्ति और चर्चा से दूर रहना होगा, जो आपको डिमोटिवेट करे। श्री चिमनानी ने पॉजिटिव सोच के व्यक्तियों के साथ ज्यादा रहने का सुझाव देते हुए बताया, विश्व के सबसे मशहूर वैज्ञानिक आइंस्टीन का ड्राइवर उनके लेक्चर में उनके साथ जाता था और ध्यान से सुनता था। एक बार ड्राइवर ने आइंस्टीन से कहा, आपका एक लेक्चर मैं भी दे सकता हूं और उसने देने में सफलता हासिल की, कहने का अर्थ है।

### कार में मिली अज्ञात महिला की लाश

**रायपुर।** पुजारी पार्क के पास स्थित भक्कू गैरेज के बाहर खड़ी कार में एक महिला की लाश मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मृतका के बारे में लोगों से बात की। इसमें पता चला कि मृतका कई दिनों से यहां-वहां घूम रही थी। महिला की उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है। मौके पर लोगों ने बताया कि वह मानसिक रोगी थी। रविवार को दोपहर में गैरेज के बाहर लंबे समय से खराब पड़ी कार में महिला की लाश मिलने पर आसपास के थानों से मृतका के बारे में पतासाजी की जा रही है, मगर महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

### तेज रफ्तार कार की ठोकर से गाय की मौत

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की ठोकर लगने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार दो लड़के गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नवा रायपुर जाने वाले मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने एक गाय को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घायल युवकों के बारे में पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है।

### म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट गोदाम से आठ लाख का सामान चोरी

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक म्यूजिक कंपनी के अकाउंट ऑफिसर ने अपने एक कर्मचारी के खिलाफ आठ लाख रुपए के म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## निर्वाचन में भाग लेने के चलते निलंबित हुए थे तत्कालीन सीईओ

# प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक की गलती से तत्कालीन सीईओ को कोर्ट से राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

पंजीयक के अनुमोदन के बगैर अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन कांडे द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के तत्कालीन सीईओ रहे एसके जोशी को निलंबित करने में बड़ी चूक हो गई। हाईकोर्ट ने इस मामले में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक एनके कांडे को सक्षम अधिकारी नहीं मानते हुए इस कार्यवाही को उपयुक्त नहीं पाया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने दूसरी तरफ अपेक्स बैंक को अधिकार दिया कि, नियमों का कडाई से पालन करते हुए पुनः आदेश जारी कर सकते है। बहरहाल कोर्ट के आदेश के बाद राजनीति सरगर्मी तेज हो गई है। उल्लेखनीय है कि, लोकसभा निर्वाचन 2024 मे इनके विरूद्ध पार्टी विशेष के पक्ष में कार्य करने का आरोप लगा था। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अहिवारा दुर्ग को अपनी व्यक्तिगत जानकारी एक आवेदन के माध्यम से देकर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाने निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया था। जिसकी शिकायत निर्वाचन आयोग में की गई थी।

- वर्तमान में जिला सहकारी बैंक के सीईओ हैं श्रीकांत चंद्राकर




शिकायत के आधार पर कलेक्टर दुर्ग द्वारा अश्वनी देवांगन सीईओं जिला पंचायत की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया। समिति के अन्य सदस्य दशरथ सिह राजपूत आयुक्त नगर निगम भिलाई चरौदा एवं उत्तम कुमार ध्रुव डिप्टी कलेक्टर दुर्ग थें। जॉच में एस. के. जोशी द्वारा स्वीकार किया गया, कि विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस पार्टी से दुर्ग जिला के अहिवारा से निर्वाचन में भाग लेने हेतु अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी अहिवारा को आवेदन दिया गया था। जिसे जॉच समिति ने छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 5 का उल्लंघन पाया एवं नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित कर निर्वाचन कर्तव्य से पृथक करने की अनुशंसा की गई। कलेक्टर दुर्ग की अनुशंसा के आधार पर अपर सचिव छ.ग. शासन सहकारिता विभाग द्वारा प्रबधं संचालक अपेक्स बैंक के.एन. काण्डे को कार्यवाही हेतु आदेशित किया। इसके बाद उन्हें निलंबित किया गया था।

### नियमों के अनुसार सीईओ नहीं बन सकते जोशी

सहकारिता से जुड़े सूत्रों ने बताया कि, चूंकि एसके जोशी विशेष श्रेणी प्रबंध संचालक संवर्ग अधिकारी है। रैंक के अधिकारी को किसी भी जिला सहकारी बैंक में सीईओं के रूप नही किया जाना चाहिए। लेकिन उनको सीईओ के रूप में पदस्थ किया जाता रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या अपेक्स बैंक इनको (एसके जोशी) पुनः सीईओ के पद में पदस्थ करता है। यदि ऐसा हुआ तो वर्तमान सीईओ श्रीकांत चन्द्राकर को यहाँ से अन्यत्र स्थानांतरण करना होगा। वर्तमान मे प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचाप्रकाश चौधरी क्या उन्हें पदभार देंगी, क्योकि उनके अनुंशसा की गई थी।

### अपेक्स बैंक संचालक को दिए निर्देश

कोर्ट ने 6 सितंबर 2024 के फैसले में जोशी को इस आधार पर राहत दी है कि, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के. एन. काण्डे निलंबन हेतु सक्षम अधिकारी नही है। इन्हें निलंबन के पूर्व पंजीयक सहकारी संस्थायें से अनुमोदन लिया जाना था। चूकि वर्तमान में पंजीयक कुलदीप शर्मा अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी है, जिन्हे इस संबध में नियमानुसार निर्णय लेना था। लेकिन पंजीयक के पूर्व अनुमोदन के बिना ही निलंबित कर दिया गया।

### लेंगे निर्णय

कोर्ट के आदेश अनुसार नियमतः इस मामले में आगे कार्यवाही की जाएगी। जो भी इसमें तथ्यात्मक पहलू होंगे, उसके अनुसार निर्णय लेंगे।

-**कुलदीप शर्मा,** पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रायपुर

## दो विश्वविद्यालय और छात्र सिर्फ एक!

# तीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों का खाता ही नहीं खुला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के इंजीनियरिंग संस्थानों की विशेष रूप से अच्छी नहीं है। बीते कई सालों से 50 फीसदी से भी कम सीटों पर छात्रों ने दाखिले रहे हैं। बीते सत्रों में कई महाविद्यालय ऐसे भी रहे हैं, जहां प्रवेश संख्या दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सकी है। इस बार स्थिति पिछले सालों से भी अधिक खराब है। ना सिर्फ महाविद्यालय बल्कि विश्वविद्यालय में भी इस बार दहाई अंक तक संख्या नहीं पहुंच सकी। आंजनेय विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की 728 सीटें हैं। 8 सितंबर को तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी किए आंकड़ों के मुताबिक, इसमें सिर्फ एक ही छात्र ने प्रवेश लिया है। एकमात्र दाखिला इस ब्रांच में हुआ है, वह कंप्यूटर साइंस है।

वहीं इस सूची में एक अन्य विवि भी है, जहां एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया है। दुर्ग स्थित भारती विवि के अंतर्गत फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 1,272 सीटें हैं। इनमें एक भी प्रवेश नहीं हुए हैं। कई अन्य संस्थान भी इस सूची में शामिल हैं, जहां पर्याप्त प्रचार-प्रसार के बाद भी सीटें नहीं भर सकी हैं।

### 3 पॉलिटेक्निक कॉलेज में शून्य दाखिले

बड़ी संख्या में पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले जाने के दुष्प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। अब तक विभिन्न चरणों में हुई काउंसिलिंग में चार पॉलिटेक्निक कॉलेज ऐसे रहे हैं, जहां दाखिले शून्य रहे हैं। इनमें शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बागीचा, मरवाही और पथरिया शामिल है। इसके अलावा अन्य पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी स्थिति विशेष अच्छी नहीं रही है। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जगदलपुर में 204 में से 53 सीटें भर सकी हैं। इसके अलावा चिरमिरी के पॉलिटेक्निक कॉलेज में 60 में से 22 सीटें भरी हैं। खानथम्हरिया पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की 60 में से 4 सीटें ही भरी हैं। रायपुर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की 208 में से 137 सीटें भरी हैं।

### शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 90 प्रतिशत दाखिले

प्रदेश में तीन शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय हैं। सबसे पहले यहां की सीटें भरती हैं। इस बार भी इन तीन महाविद्यालयों को ही छात्रों ने प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखा। शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर में 322 सीटों में से 290 पर प्रवेश हो चुके हैं। बिलासपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में 317 में से 271 सीटें भर गई हैं।

# बैज बोले- सत्तापक्ष के लोग भी सरकार पर उठा रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि सरकार में दो पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत ने भरी मीटिंग में सरकार से अपराध को लेकर सवाल किए हैं। सांसद श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है कि प्रदेश में सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए गए हैं, उसे वापस लेना चाहिए। सिर्फ कांग्रेस नहीं, सत्तापक्ष के सांसद और विधायक भी राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। एक तरफ तो सरकार दावा करती है कि इतने लाख लोगों को हमने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए। दूसरी तरफ आम जनता, गरीब जनता को लूटने का काम कर रही है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या हमारे पास सीमेंट बनाने रॉ-मटेरियल दूसरे प्रदेशों से लाना पड़ता है कि आप मनमाने तरीके से रेट बढ़ा रहे हैं। प्रदेश में सीमेंट बनाने रॉ-मटेरियल की कमी नहीं है। बिजली हम यहीं पैदा करते है। कच्चा माल हमारे पास उपलब्ध है, उसके बाद भी 50 रुपए सरकार ने किसलिए बढ़ाए? सरकार से इसका जवाब आना चाहिए। आम जनता, गरीब लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास बनाना पहुंच से दूर हो गया है, इसलिए सरकार सीमेंट का रेट बढ़ाकर छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने का काम कर रही है।



### कांग्रेस के जमाने में तीन बार बढ़ाए दाम : बृजमोहन

छत्तीसगढ़ में सीमेंट के दाम बढ़े मामले में कांग्रेस प्रदर्शन को लेकर सांसद बृजमोहन ने कहा, कांग्रेस के लोग सोए हुए हैं। मेरे द्वारा पत्र लिखा गया, उसके बाद कांग्रेस के लोग मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के जमाने में तीन बार रेट बढ़ाए गए, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### 12 को जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन

प्रदेश कांग्रेस ने तय किया है कि लगातार मूल्य वृद्धि, सीमेंट, गिट्टी, रेती एवं सरिया के लगातार बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस प्रदेशस्तर पर फिर से बड़ा प्रदर्शन करेगी। 11 सितंबर को पूरे प्रदेश में प्रेसवार्ता के माध्यम से सरकार के नाकामियों को जनता तक पहुंचाएंगे।

# रेलवे की नई परियोजना के लिए छग को मिलेंगे 20 हजार करोड़



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री ने छत्तीसगढ़ की रेल सुविधाएं के लिए अनेक सौगातें देने की बात कही, साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले एक से डेढ़ वर्ष के अंदर छत्तीसगढ़ को रेलवे की नई परियोजना के लिए 20 हजार करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

**कटघोरा-मुंगेली-डोंगरगढ़ परियोजना**

यह रेललाइन क्षेत्र के जनता की बहुप्रतीक्षित मांग है, जिनके विस्तार से क्षेत्र की जनता को आवागमन में सुविधाओं के साथ व्यापार एवं उद्योग के अवसर मिलेंगे। इस बात पर केंद्रीय रेलवे मंत्री श्री वैष्णव ने कार्य की गति को लेकर आश्वस्त किया।

### रेलगाड़ियों के बंद स्टापेज पुनः बहाल करने चर्चा

ऐसी रेलगाड़ियां, जिनका स्टापेज कोविड 19 के दौरान से बिलासपुर रेलवे मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर बंद है, उसे पुनः बहाल करने केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकतम ट्रेनों के ठहराव के लिए आश्वस्त किया, इनमें दुर्ग-भोपाल अमरकंटक सुपरफास्ट, पुरी-हरिद्वार उत्कल कलिंग एक्सप्रेस,
बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, बिलासपुर-चिरमिरी, दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस इत्यादि हैं।
गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से हजरत निजामुद्दीन तक जाती है, उसे हरिद्वार तक चलवाने एवं विकासखण्ड देवभोग जिला गरियाबंद में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग रखी है
बुधवारी बाजार के व्यापारियों की समस्या एवं हाल ही में हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सांसदों और अधिकारियों पर सांसदों के सुझावों को भी केंद्रीय रेलवे मंत्री के समक्ष रखा गया।

# विशेष अभियान चलाकर की जाएगी करों की वसूली

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगरीय निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं व गतिविधियों की निकायवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने चुनाव के पहले नगरीय निकायों से संबंधित लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निकायों के अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर व्यावसायिक, औद्योगिक, गृह सम्पत्ति एवं जल कर की वसूली का कार्य युद्ध स्तर पर किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत मिशन योजना के अंतर्गत अभियान चलाकर नल कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित करें। ताकि हितग्राहियों को पेयजल उपलब्ध हो सके।

उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को वार्ड चिन्हांकित कर उद्यान विकसित करने एवं सौन्दर्यीकरण के साथ रंग-रोगन करने को कहा। इसी तरह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य हेतु एसएलआरएम सेंटर की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके साथ ही शहरी बेघरों के लिए आश्रय स्थल योजना एवं पीएम स्वनिधि, शहरी पथ विक्रेताओं को सहयोग घटक की प्रगति की समीक्षा की।

## अपने ही आदेश से पलटा एफएसएसआई

# रीयूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहण अभियान बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खाद्य तेल का लगातार उपयोग सेहत के लिए नुकसानदायक होने का हवाला देकर चलाया जा रहा अभियान महीनेभर पहले ही बंद कर दिया गया है। दो साल पहले जारी किए गए अपने पहले आदेश से एफएसएसएआई पलट गया और पुराने में नया तेल मिलाकर टीपीसी की मात्रा कम करने का तर्क देकर रीयूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहण का अभियान बंद करा दिया।

जानकारी के अनुसार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा होटल, ढाबों में जाकर लगातार उपयोग किए जाने वाले खाद्य तेल को संग्रहित करने अभियान चलाया जा रहा था। प्रदेश में इस अभियान को जोर-शोर से चलाने खाद्य निरीक्षकों को भी तेल संग्रहित करने का टार्गेट दिया गया था। उन्हें तेल में टोटल पोलर कंपाउंड ( टीपीसी) जांच के लिए पैरामीटर भी दिया गया था। प्रदेश में अब तक साढ़े पांच हजार लीटर रीयूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहित भी कर लिया गया था। इसी दौरान भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2022 में जारी इस आदेश को वापस लेने पिछले माह दूसरा आदेश जारी कर दिया गया। आदेश में इस बात का जिक्र किया गया कि रीयूज्ड कुकिंग ऑयल में अगर फ्रेश खाद्य तेल मिला दिया जाए तो टीपीसी की मात्रा 25 प्रतिशत से कम हो सकती है। इससे वह मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर नहीं डालेगा।

### सरकारी कैंटीन भी जांच के दायरे में

खाद्य विभाग की टीम द्वारा इस अभियान के दौरान सरकारी संस्थानों में संचालित कैंटीन को भी जांच के दायरे में लाया गया था। इसके लिए टीम द्वारा कुछ शापिंग मॉल में संचालित खाद्य संस्थानों में पहुंचकर अपनी जांच भी पूरी की गई थी। बड़े होटलों के साथ गली-मोहल्लों में लगने वाले ठेले-खोमचे के कारोबारियों को भी ऐसे खाद्य तेल के उपयोग को लेकर सचेत किया जा रहा था, मगर मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### आदेश के बाद जांच बंद

एफएसएसएआई द्वारा इस अभियान को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। रीयूज्ड कुकिंग ऑयल संग्रहण का काम तब से बंद कर दिया गया है।

- **सर्वेश यादव,** सहायक नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

## कुश जयंती समारोह के मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा

# कुशवाह समाज भवन के लिए पांच लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मौर्य कुशवाह समाज के द्वारा कुश जयंती समारोह का आयोजन किया। कुश जयंती समारोह के अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सम्राट अशोक चौक का सौन्दर्यीकरण समारोह में शामिल हुए। वहीं 15 लाख की लागत से शेड निर्माण एवं 37 लाख लागत से बने सम्राट अशोक चौक का अवलोकन किया।

उन्होंने बताया कि अशोक चक्र से भारत का सम्मान बढ़ता है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि रायपुर से दुर्ग तक सीटी बस का संचालन किया जायेगा। दुर्ग-भिलाई को राजधानी से जोड़ने में मदद मिलेगी। राजधानी से जोड़ने से स्टेट केपिटल रीजन बनाये जाने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारा प्रदेश बहुत तरक्की करेगा। इस अवसर पर दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल ने कहा कि सामाजिक प्रेम में बहुत ताकत होती है, हम बराबरी पर विश्वास करते है। हमारी नजर में कोई छोटा न कोई बड़ा होता है। हम समाज के साथ हमेशा से खड़े रहे है। इस दौरान वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन शासन की ओर कुशवाह समाज के लिए भवन हेतु 5 लाख रूपये देने का प्रस्ताव रखा। जिसे श्री साव ने अनुमोदित करते हुये घोषणा कर दी। विधायक रिकेश सेन कहा कि पिछड़ा समाज का प्रदेश के लिए योगदान रहा है। इस समाज ने लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर भिलाई के नीरज पाल, उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, एसडीएम मुकेश रावटे सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।





# टोल नाकों के आसपास बैठे मवेशियों को हटाने की जिम्मेदारी अब नाका वेंडर की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में बने टोल टैक्स नाकों के आसपास अगर मवेशी बैठे पाए गए तो उन्हें हटाने की जिम्मेदारी टोल नाका वेंडर की होगी। यह निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में दिए गए निर्देश के आधार पर बनी समिति ने लिया गया है। मामला ये है कि राज्यभर में मवेशियों के सड़क पर बैठने की वजह से कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे ही एक मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पूरे राज्य में मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जवाबदेही तय करने का आदेश दिया है। मामला ये है कि छत्तीसगढ़ में सड़कों पर मवेशियों के बैठने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर पेश की गई एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ शासन को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता, महाधिवक्ता कार्यालय, बिलासपुर द्वारा निर्देशित किया गया है कि वे पूरे राज्य के जिलों में जिला प्रशासन, नगर निगमों और नगरपालिका परिषदों एवं ग्राम पंचायतों के अधिकारियों सहित सभी हितधारकों को सड़कों एवं राजमार्गों पर आवारा पशुओं के खतरे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिए आवश्यक और प्रभावी आदेश जारी करें।



### अब जारी हुआ ये आदेश

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद और नगर पंचायतों के लिए आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में हाईकोर्ट के निर्देश पर बनी समिति की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टोल नाके की सड़कों को आवारा पशुओं से बाधा रहित रखने की जिम्मेदारी टोल नाके के वेंडर की होगी, जिसके लिए टेंडर में उल्लेखित शर्तों, एसओपी के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### विधायक शर्मा ने दिलवाई सामूहिक स्वच्छता की शपथ

**रायपुर।** राजधानी सहित आउटर के वार्डों में शनिवार से स्वच्छता ही सेवा अभियान प्रारंभ हो गया। धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने प्रोफेसर कालोनी जोरा क्षेत्र में रहवासियों को सामूहिक स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में जोन 9 के अधिकारी व कर्मचारियों सहित विश्वविद्यालय के स्टाफ की ओर से सामूहिक स्वच्छता की शपथ ली गई। नगर निगम के 10 जोनों में स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू हुआ। जोन 7 की टीम ने महंत तालाब कोटा में अभियान चलाकर तालाब की सफाई करवाई। नगर निगम जोन 8 के टाटीबंध क्षेत्र स्थित हॉटल सरोवर पोर्टिको और गगन रीजेंसी के स्टाफ सहित जोन 9 के अधिकारी और कर्मचारियों ने सामूहिक स्वच्छता की शपथ ली।

### नरोत्तम को खुमरी पहनाकर किया सम्मानित



**रायपुर।** रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु द्वारा नवाचारी व्याख्याता (डौंडी ब्लॉक ग्राम गोटिया) नरोत्तम यदु, गृहग्राम रवेली ब्लॉक अभनपुर जिला रायपुर का चयन राज्यपाल पुरस्कार के लिए होने पर यादव ठेठवार समाज रायपुर राज अंतर्गत कोलर मुजगहन पार के सामाजिक बंधुओं द्वारा उनके गृहग्राम पहुंच कर पारंपरिक तरीके से रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु ने खुमरी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कोलर मुजगहन पार के समाजिक बंधुओं द्वारा अपनी भावना को प्रकट किया गया कि नरोत्तम यदु गुरुजी का राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन हुआ है, यह हमारे यादव ठेठवार समाज के लिए गौरव की बात है। कोलर-मुजगहन पार के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु (सलौनी) के साथ-साथ धर्मेंद्र यदु, हरिराम यदु, मेहतर यादव, दौलत राम यदु, उमेंद राम यदु, शंकर यदु, गिरधारी यदु, प्रभू यादव,शिव यदु, शैलेंद्र यदु, लीलू यदु सम्मिलित हुए।

### शाला विकास और प्रबंधन समिति गठित

**पाटन।** पाटन क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक शाला पाटन जिसे अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल पाटन के नाम से जाना जाता है जिसका शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा नियुक्त अध्यक्ष कुणाल शर्मा द्वारा किया गया है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुणाल शर्मा ने सूची जारी करते हुए अन्य औपचाकरिक प्रक्रिया को पूर्ण करने सूची प्राचार्य को सौंप दिया है। जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष कुणाल शर्मा होंगे वहीं पदेन सचिव वेलेनटीना मसीह प्राचार्य , शिक्षाविद् के रूप में भास्कर सावर्णी, किशन पटेल आदि मनोनीत हुए।

### देवेंद्र की रिहाई की मांग को लेकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**भिलाई।** बलौदाबाजार हिंसा मामले की तथ्यता से जांच किए बिना जांच के भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की गयी गिरफ्तारी के विरोध में सर्व यादव समाज ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में रविवार को सेक्टर-6 स्थित बांके बिहारी डोमशेड में सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की विफलता की वजह से हुई घटना में भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की षड़यन्त्रपूर्णक की गई गिरफ्तारी पर नाराजगी जताई। विधायक की निःशर्त रिहाई की मांग को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। समाज के मीडिया प्रभारी के अनुसार 10 सितंबर को सुपेला घड़ी चैक पर स्थित स्व. चंदूलाल चंद्राकर की प्रतिमा के सामने सर्व यादव समाज के बैनर तले एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

# दर्जनभर प्रोजेक्ट तैयार, निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से पहले ही होगा लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिसंबर माह में होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव से पहले नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्रबंधन द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए तैयार दर्जनभर प्रोजेक्ट का लोकार्पण कराने की तैयारी है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया कि नए उद्यमियों के लिए आईएसबीटी में इनक्यूबेशन और को-वर्किंग सेंटर लांच किया जाएगा। इसी तरह शास्त्री बाजार का 4 मंजिला व्यवसायिक परिसर, नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट, भाठागांव में 12 एमएलडी के री-सर्कुलेशन प्लांट समेत दर्जनभर प्रोजेक्ट की माहांत तक लोकार्पण कराने की तैयारी है।


***8 करोड़ का री-सर्कुलेशन प्लांट तैयार :*** अमृत मिशन के तहत भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट के अंदर 12 एमएलडी की क्षमता वाला री-सर्कुलेशन प्लांट बनकर तैयार है। इस प्लांट से रोजाना पानी शुद्धिकरण के दौरान फिल्टर प्लांट से बहकर नाले में बेकार जाने वाले 8 एमएलडी के गंदा पानी को उपचारित कर उपयोग लायक बनाया जाएगा, यानी फिल्टर प्लांट से निकलने वाला वेस्ट वाटर अब बेकार नहीं जाएगा। इसे री-सर्कुलेशन प्लांट में उपचारित कर फिर से पीने के लायक बनाकर काम में लाया जाएगा। 8 करोड़ की लागत से नवनिर्मित इस प्लांट का लोकार्पण इसी माह के अंत तक होना तय है।

***निखरा पहाड़ी तालाब, सौंदर्यीकरण, गहरीकरण, 3 नए घाट :*** नगर निगम ने पंद्रहवें वित्त आयोग जल घटक मद से राजधानी के पहाड़ी तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का काम पूरा किया है। साथ ही पाथवे, योगा जोन, लैंडस्केपिंग कार्य, मेनरोड से लगे एंट्री पाइंट को आकर्षक लुक देने का काम, एक्सरसाइज के लिए नए जिम इक्विपमेंट के अलावा लोगों की सुविधा के लिए 3 नए घाट बनवाए हैं। 2.5 करोड़ की लागत से पहाड़ी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण इसी माह होगा। अपर आयुक्त विनोद पांडे ने बताया कि पहाड़ी तालाब को संरक्षित कर इसका गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कराया गया है।

## शास्त्री बाजार का 4 मंजिला व्यवसायिक परिसर, बैडमिंटन कोर्ट सहित अन्य सुविधाएं

### आईएसबीटी में निगम का को-वर्किंग और इनक्यूबेशन सेंटर

राजधानी में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने नगर निगम भाठागांव स्थित बस टर्मिनल परिसर में नए उद्यमियों के लिए आधुनिक सेंटर लांच करने जा रहा है। पहले चरण में 150 प्रतिभागियों को व्यवसायिक गतिविधियों को जानने व समझने का मौका मिलेगा। नए उद्यमियों को मार्गदर्शन देने इस सेंटर में 3 छोटे और 1 बड़े कांफ्रेंस हॉल बनकर तैयार हैं। मनोरंजन के लिए गेम्स और बैठने के स्थानों के साथ एक सामुदायिक हॉल बनाया गया है। वाई-फाई की सुविधा वाले इस कैंपस का जल्द लोकार्पण होगा।



### बंधवापारा में अस्पताल

खेलकूद में दिलचस्पी रखने वाले खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए स्पोर्ट्स जोन, बैडमिंटन कोर्ट और आम जनता के स्वास्थ्य जांच की सुविधा के लिए महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड के बंधवापारा में महिला व पुरुषों के स्वास्थ्य जांच के लिए सामुदायिक अस्पताल भवन का लोकार्पण होगा। साथ ही माई की बगिया का सौंदर्यीकरण, जिसमें 7 मंदिरों का निर्माण शामिल है।



### दर्जनभर प्रोजेक्ट तैयार

नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के दर्जनभर प्रोजेक्ट का काम पूरा हो गया है। इसका लोकार्पण जल्द कराया जाएगा। साथ ही 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट को समयसीमा में पूरा करने निर्देशित किया है। - ***अबिनाश मिश्रा,*** *आयुक्त, ननि रायपुर*

### चारमंजिला शास्त्री बाजार व्यवसायिक परिसर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शास्त्री बाजार में 4 मंजिला व्यवसायिक परिसर बनकर तैयार है। इसके प्रत्येक तल पर 21 दुकानें बनाई गई हैं। नवनिर्मित इस परिसर का लोकार्पण माहांत तक कराने की तैयारी है। बेसमेंट पार्किंग और लिफ्ट की सुविधा के साथ बाजार को सुव्यवस्थित करने में इससे मदद मिलेगी।

## बस में सफर करने महिलाएं सड़क पर कर रहीं घंटों इंतजार, तीज के बाद लौटना भी जरूरी

# तीज से लौटने बसों में खाली सीट के लिए लंबा इंतजार भीड़ इतनी कि खड़े होने की जगह तक नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में तीज का पर्व खत्म होने के बाद महिलाएं अब एक बार फिर से मायके से लौटने लगी हैं। ऐसे में बसों में भीड़ बढ़ने से सफर करना भी मुश्किल हो गया है। जिन जगहों पर ट्रेन की सुविधा नहीं है, उस रूट की बसों में भीड़ सर्वाधिक देखने को मिल रही है। बलौदाबाजार, सरायपाली, पिथौरा समेत गरियाबंद व मैनपुर की बसों में तीज से लौटने वाली महिलाओं की भीड़ अधिक है। रविवार को शहर के यात्री प्रतीक्षालय व सड़क किनारे समेत दुकानों के पास महिलाएं बस के लिए घंटों इंतजार करती नजर आईं। कुछ महिलाओं ने अधिक भीड़ होने से दूसरी खाली बस के लिए इंतजार किया। दोपहर के वक्त सरायपाली के लिए कुछ बसों में इतनी अधिक भीड़ थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं मिली। इसके बाद भी बस के कंडेक्टर जबरन सवारी बैठा रहे थे। यात्रियों ने बताया कि भीड़ अधिक होने से जब उतरना होता है तो उक्त स्थान पर न रोककर 200 से 500 मीटर की दूरी पर रोककर धक्के मारते हुए उतारते हैं। लोकल ट्रेनों के रद्द होने से दुर्ग, भिलाई और रायगढ़ की बसों में भी तीज को लेकर भीड़ रही।

### बसों के दरवाजे पर लटकने को मजबूर

आमतौर पर लंबी दूरी की बसों में ही एडवांस में बुकिंग होती है, लेकिन तीज खत्म होने के बाद घर जाने के लिए लोग एक दिन पहले से ही अपनी सीट बुकिंग करा रहे हैं, ताकि बैठने के लिए सीट मिल सके। रायपुर से सरायपाली के चलने वाली बस के संचालक ने बताया कि बस में जो पहले आता है, सीट उन्हें ही मिलती है, लेकिन कुछ लोग एक दिन पहले बस स्टैंड पहुंचकर सीट बुकिंग करा रहे हैं। पहली बार ऐसी स्थिति बनी है। दोपहर के समय बसों में भीड़ है, लेकिन सुबह और रात के समय बस स्टैंड से ही ओवरलोड बसों का संचालन हो रहा है। यात्री बसों के दरवाजे पर लटककर यात्रा करने के लिए मजबूर हैं।



### जनरल कोच फिर खचाखच

ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। रविवार को इतवारी पैसेंजर यात्रियों से खचाखच भरी रही। इसके अलावा एक्सप्रेस ट्रेन के स्टेशन में रुकते ही भीड़ दोगुनी हो गई। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए मशक्कत करते नजर आए। कोच में खड़े होने की जगह नहीं होने के बाद भी यात्री जबरन चढ़ने का प्रयास करते रहे।



### लोकल ट्रेन ने बढ़ा दी यात्रियों की समस्या

लोकल ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों की समस्या और बढ़ गई है। लोकल ट्रेन में 30 किलोमीटर तक सफर करने के मात्र 10 रुपए लगते हैं। वहीं बस में यात्रियों को 40 रुपए देने पड़ते हैं। यही कारण है कि ज्यादातर लोग लोकल ट्रेन में सफर करना पसंद करते हैं, लेकिन रेलवे लगातार एक्सप्रेस के साथ लोकल ट्रेनों को भी रद्द कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, दो महीने में 80 से अधिक लोकल ट्रेनें रद्द हो चुकी हैं। दैनिक यात्री इस वजह से बसों में सफर करने लगे हैं। तीज पर्व करीब आने से बसों में यात्रियों का लोड एक बार फिर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। सड़कों पर चारपहिया व दोपहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है।

# हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो अच्छे चरित्र का निर्माण करे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ शांति सरोवर में मनाया शिक्षक दिवस समारोह

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसका विषय था- श्रेष्ठतम समाज के लिए मूल्य आधारित शिक्षा। इस मौके पर हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था, हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो अच्छे चरित्र का निर्माण करे। आज समाज में अच्छे चरित्र की सबसे अधिक कमी महसूस हो रही है।

हाल ही में कोलकाता में घटित घटना इसी तथ्य की ओर ईशारा कर रही है। अगर हम चरित्र का निर्माण नहीं कर पा रहे तो कितनी भी अच्छी शिक्षा हम दें, उसका कोई औचित्य नहीं है। इस कार्यक्रम को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के डायरेक्टर डॉ. एनवी रमना राव, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा तथा रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और रुचिका दीदी ने संबोधित किया।

# ऋषि पंचमी पर महमरा घाट से निकली कावड़ यात्रा

**दुर्ग।** भाद्र पक्ष ऋषि पंचमी पर पारिवारिक कांवरिया संघ द्वारा विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके तहत शिवनाथ नदी महमरा घाट से लगभग 8 किलोमीटर पैदल कांवर में जल लेकर सैकड़ों कांवरिया छातागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिवनाथ नदी से लेकर गंज पारा चौक,गवली पारा, ढीमर पारा, चंडी चौक, बजरंग चौक, नया पारा चौक, मोहलाई सहित जगह जगह कांवर यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान यात्रा में पूरे यात्रा मार्ग भर कांवरिये डीजे की धून पर चल रहे शिवभक्ति गानों में झूमते गाते जा रहे थे। कांवर यात्रा में निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में बाबा धाम यात्रा जाने वाले शिवनाथ बोलबम समिति के कांवरिये भी खुले पांव पैदल कांवर यात्रा कर प्राचीन भोले बाबा के मंदिर में स्थापित शिवलिंग में जल अर्पण किया। कांवर यात्रा के दौरान नया पारा के कावरियों ने बांस से 21 फीट लम्बा सुसज्जित कांवर बनाया था जिसमें बड़ी गुंडियो में जल भरकर एक साथ एक दर्जन से अधिक युवा व महिलाएं धारण किए चल रहे थे जो आकर्षण के केंद्र थे।

## प्रकृति और मानव के बीच अटूट रिश्ते को दर्शाता है नुआखाई पर्व



**रायपुर।** उत्कल समाज द्वारा प्रदेशभर में रविवार को नुआखाई महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक लोगों ने अपने-अपने परिवार सहित अपने आराध्य ईष्ट देवी-देवताओं को सर्वप्रथम नवान्न का भोग चढ़ाकर पूजा-अर्चना करते हुए परिवार समाज और छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, कृषि प्रधान हमारे भारतवर्ष का यह नुआखाई महान पर्व है, जो प्रकृति और मनुष्य के बीच में एक अटूट रिश्ते को दर्शाता है, जहां पर प्रकृति इंसान को अन्न देकर उसका भरण-पोषण करती है तो इंसान इसके बदले उसको धन्यवाद देते हुए उसकी पूजा-अर्चना करता है। प्रकृति की पूजा करते हुए नवजीवन की कामना करता है। इसी दौरान युवा नेता आशीष तांडी, बैकुंठ सोना, जितेंद्र नायक, जयलाल नायक, संतोष क्षत्रि, संजय कुमार, पारस नायक, बिट्टू क्षत्रि, अजीत कुमार, मनोज सोना, पुरुषोत्तम यादव, जगन्नाथ सागर, शंकर सोना आदि शामिल थे।

# डॉ. महंत बोले- साय की सरकार कौन चला रहा, स्पष्ट करे भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत ने रविवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ में धान को लेकर जो सवाल उठाया गया है, उस पर विष्णुदेव साय सरकार व उनको चलाने वाले किसी भी मंत्री या अन्य नेताओं का कोई भी स्पष्टीकरण नहीं आया है, यह बेहद दुखद बात है।



डॉ. महंत ने सवाल किया है कि क्या साय सरकार ने मान लिया है कि भाजपा सरकार में 1 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है? डॉ. महंत ने कहा कि प्रदेश में विपक्ष सकारात्मक भूमिका के साथ जनता के दुख-दर्द और समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहा है, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। अब तो विपक्ष के साथ-साथ दुर्ग के भाजपा सांसद विजय बघेल ने भी साय सरकार को अपने वादे निभाने का स्मरण कराया है। उन्होंने कहा, प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता व आठ बार के विधायक और मंत्री रहे रायपुर लोकसभा के भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी छत्तीसगढ़ में सीमेंट के एकाएक बढ़ी कीमत को लेकर सवाल उठाया है और प्रति बोरी 50 रुपए कीमत में हुई वृद्धि कम करने कहा है।

डॉ. महंत ने सवाल किया है कि हम जानना चाहते हैं कि 50 रुपए की वसूली आखिर किसके लिए हो रही है? कहीं चार राज्यों में चुनाव के लिए भाजपा सरकार फंड तो इकट्ठा नहीं कर रही है? साय सरकार को जवाब देना चाहिए।

### जवाब क्यों नहीं दे रही भाजपा

डॉ. महंत ने यह भी कहा कि अब तो प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान और रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ में घट रहे अपराधों को लेकर जो सवाल किए गए हैं, उसका भी जवाब साय सरकार को देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के लोग जानना चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ के साय सरकार को आखिर चला कौन रहा है? यदि यह सरकार केंद्र के इशारे पर चल रही है तो लोकसभा के सदस्यों के सवालों का जवाब आखिर भाजपा क्यों नहीं दे रही है? डॉ. महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास के नाम पर सात महीनों में सरकार ने कोई ठोस कार्य नहीं किया है, जबकि इस सरकार को विपक्ष ने 6 महीने का पूरा समय दिया।

# प्रगतिशील सतनामी समाज की बैठक में सरकार से रखीं कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सतनाम भवन में रविवार को प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की बैठक हुई। बैठक में जेल में बंद लोगों के परिजन और सभी सतनामी समाजजन शाामिल हुए।

इस दौरान समाज के लोगों ने प्रमुखता से सरकार से कई मांगें की हैं, जिसमें सभी लोगों को, सभी धाराओं को शून्य करके निशर्त रिहाई दी जाए, गिरौधपुरी के जैतखाम को असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाने की सीबीआई जांच और बलौदाबाजार घटना की भी सीबीआई जांच, असली अपराधी की गिरफ्तारी की जाए।

सरकार और कड़ी से कड़ी सजा दे, सरकार अगर निशर्त रिहाई, सीबीआई जांच नहीं करती और जैतखाम को नुकसान पहुंचाने वाले असली आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ती है तो इसी महीने के अंदर सतनामी समाज के लोग अलग-अलग अपने राज्यों के लोगों को और देश-विदेश में रहने वाले लोगों को बुलाकर जेल भरो महा आंदोलन करेंगे।

## पेज 9 का शेष

### बेरला मुख्य मार्ग ...

उपयुक्त विषय को लेकर अभाविप बेरला ने एसडीएम पिंकी मनहर को ज्ञापन सौंपा। वहीं एसडीएम ने आबकारी विभाग से बात कर उचित कार्रवाई करने की बात कही। वहीं, नगर उपाध्यक्ष किशन साहू व नगरमंत्री गुलाब साहू ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर अभाविप बेरला के सभी कार्यकर्ता नगर सहमंत्री हेमल्या पाटिल, पोषण वर्मा, दीपक बघेल, हेमकुमार साहू, प्रणव धीवर, देवेंद्र जांगड़े, सरस पांडेय, अमन, कुलेश्वर, दुर्गेश, अजय, खुशाल उपस्थित रहे।

## सेक्टर 2 में छत्तीसगढ़ स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता आज से

# प्रदेशभर के 980 खिलाड़ी दिखाएंगे 6 खेलों में दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मंगलवार 10 सितंबर को भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 प्रांगण में शुरू होगा। छह खेल इस प्रतियोगिता में होंगे। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 5 संभाग के 980 खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे। साइकिलिंग, बॉक्सिंग, जूडो, योगा, लान टेनिस और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों और उनके कोच सहित 1200 शामिल होंगे। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आयोजित खेलों के लिए स्थान भी तय हैं। मसलन साइकिलिंग की प्रतियोगिता जंयती स्टेडियम भिलाई में होगी। बॉक्सिंग की प्रतियोगता जेआरडी बहुउद्देश्यीय स्कूल दुर्ग के रिंग में होगा। जूडो के खिलाड़ी बीएनस सेक्टर 6 भिलाई में अपना भाग्य आजमाएंगे। योगा की प्रतियोगिता सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 10 में आयोजित की गई है। लॉन टेनिस सेक्टर 5 मैदान में खेला जाएगा। टेबल टेनिस स्पर्धा शंकरा विद्यालय भिलाई में आयोजित की जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों के ठहरने और खाने की निःशुल्क इंतजाम किया है। खिलाड़ियों के डाइट के हिसाब से हर दिन खाना परोसा जाएगा। दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग, सरगुजा संभाग, बस्तर संभाग और रायपुर संभाग के खिलाड़ी यहां भाग लेंगे। दुर्ग संभाग के सात जिले के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जिनकी संख्या करीब 175 है। जिसमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, मानपुर मोहला और खैरागढ़-छुईखदान जिला शामिल है।

### उद्घाटन समारोह

उद्घाटन समारोह के मुख्यअतिथि सांसद राजनांदगांव संतोष पांडेय होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक साजा ईश्वर साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष पुष्पा यादव, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल उपस्थित रहेंगे।

**समापन समारोह:** समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक साजा ईश्वर साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, भिलाई महापौर नीरज पाल उपस्थित रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### वीर मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी 14 को लेंगे शपथ

**गुरूर।** वीर मेला आयोजन समिति राजाराव पठार द्वारा नवगठित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 14 सितंबर को वीर मेला सभागार राजाराव पठार करेंझर में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग आरएल ठाकुर होंगे, अध्यक्षता संयोजक वीर मेला एवं अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी जीवराखन लाल मरई करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष छग सर्व आदिवासी समाज अरविंद नेताम, पूर्व अध्यक्ष छग राज्य अजजा आयोग जीआर राणा होंगे।

### महिला से मारपीट और धमकी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** महिला के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,296, 3(5),351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि लिमतरा निवासी रंजिता कौशल ने शिकायत किया है कि वह किराना दुकान चलाती है। 8 सितंबर को घर के पास रखे गणेश पंडाल में गांव के युवक बबलू जांगडे, किशन जांगडे, भीषम जांगडे, संदीप बघेल जबरन गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बबलू जांगडे ने पत्थर से और किशन जांगडे, भीषम जांगडे, संदीप बघेल ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। घटना में महिला के सिर पर चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

### लूटपाट करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** स्कूली छात्र से सायकिल और मोबाइल को लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि शीतला तालाब के पास आर्य नगर कोहका निवासी युवराज महिलांगे नामक युवक ने छात्र के साथ लूटपाट करना स्वीकार किया। साइकिल को आरोपी ने कंचादूर झाड़ी में छिपा कर रखा था। मोबाइल को अपने साथ लेकर जाना पुलिस को बताया। आरोपी के पास से पुलिस ने 3 मोबाईल फोन 40 हजार रूपये नगद जब्त किया है।

### सांसद के सामने बालमुकुंद ने थामा भाजपा का दामन

**भिलाई।** पूर्व जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ बालमुकुंद वर्मा ने भाजपा का दामन सांसद विजय बघेल के समक्ष थाम लिया है। भिलाई चरोदा निगम के ग्राम सोमनी निवासी है बालमुकुंद। सांसद विजय बघेल ने बालमुकुंद को मिठाई और माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, ध्रुव, वरुण यादव ,तेजस पाल , जोइधा वर्मा, संतराम ठाकुर, हेमराज लोधी, प्रदीप यादव, राजेश्वर वर्मा आदि मौजूद थे।

### मंकीपॉक्स से बचाव के उपाय

**दुर्ग।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी और जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे ने मंकीपॉक्स क्या है और इससे बचने के उपाय संबंधी सुझाव दिये हैं। उन्होंने जिले में मंकीपॉक्स संक्रमण से संबंधित भारत सरकार द्वारा जारी किये गये दिशानिर्देश का पालन करने लोगों से अपील की है।

### एक महीने के अंदर ओबीसी सर्वेक्षण चुनौती

**दुर्ग।** पिछड़ा वर्ग आयोग के निर्देश पर कराए जा रहे ओबीसी सर्वेक्षण प्रशासन के लिए चुनौती साबित हो रही है। पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 20 अगस्त से सर्वे शुरू कर इसे आगामी एक माह के अंदर यानि 20 सितंबर को पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य भी दिए गए हैं। इन दोनों कार्यों को एक साथ किए जाने में बीएलओ के पसीने छूट रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि, अभी ओबीसी सर्वेक्षण कार्य आधे भी नहीं हुए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि, निकायों में यह आरक्षण लागू होने के पहले ही पेंच में फंस सकता है। उल्लेखनीय है कि, पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 20 सितंबर से सर्वे कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन जिला प्रशासन द्वारा देरी से प्रशिक्षण शुरू किया गया और तीन से चार दिन बीतने के बाद सर्वे कराया गया।

**आयोजन :** डाइट में आयोजित सामाजिक विज्ञान प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए एसपी रामकृष्ण

# प्रशिक्षण से ही श्रेष्ठ व नवाचारी शिक्षक तैयार होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में 9 से 11 सितंबर तक तीन दिवसीय कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण चल रहा है।

प्रशिक्षण के पहले ही दिन प्रारम्भिक सत्र में जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने प्रतिभागी शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने सभी शिक्षकों से लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि जीत ही जीत होगी आपकी, बस अपने लक्ष्य को अपनी आंखों में बसाकर रखो। उन्होंने प्रशिक्षण के माध्यम से ही श्रेष्ठ और नवाचारी शिक्षक हमें प्राप्त होते हैं। प्रशिक्षण का एक लाभ तो यह भी है कि पूरे जिले के शिक्षक एक दूसरे के निकट आते हैं, मिलते हैं, मधुर बातें होती है, परिचय बढ़ता है, और एक दूसरे से श्रेष्ठ गुण सीखने को मिलता है। इसीलिए कभी भी किसी भी प्रशिक्षण में अनुपस्थित न रहें। आपको हर जगह से सीखने का अवसर मिलता है बस हमारी सोच सकारात्मक होनी चाहिए।





## व्यक्तियों और समुदायों की भलाई में मिलती है मदद

डाइट संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो साजा और नवागढ़ के 120 शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष को हम सब शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसी कारण से डाइट संस्थान के माध्यम से लगातार विषय वार शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक विज्ञान के अध्ययन से हम अपने समाजों और समुदायों में कैसे सुधार ला सकते हैं, इसे समझ सकते हैं। सामाजिक विज्ञान छात्रों को सकारात्मक परिवर्तन लाने और व्यक्तियों और समुदायों की भलाई में सुधार करने के लिए ज्ञान का लाभ उठाने में मदद करता है। इससे पूर्व प्रशिक्षण की प्रभारी यमुना जांगड़े ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स दीपचंद देवांगन व हेमलता बंजारे ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण की प्रभारी डाइट बेमेतरा की व्याख्याता यमुना जांगड़े हैं तथा मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डाइट के व्याख्याता जी एल खुटियारे डीआरजी हेमलता बंजारे व्याख्याता, दीपचंद देवांगन व्याख्याता तथा अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन साकेत बिहारी और विजय है। इस अवसर पर व्याख्याता राजकुमार वर्मा और अमिन्दर भारती सहित प्रशिक्षण ले रहे शिक्षक चुरावन सिंह बघेल, रामकुमार साहू, भगवान सिंह ठाकुर, अर्चना शर्मा, सहित सभी 120 शिक्षक उपस्थित थे।

## बेरला के लोगों ने ली शत-प्रतिशत साक्षरता की शपथ

**बेमेतरा/बेरला।** जनपद पंचायत बेरला में जनपद सभागार बेरला में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विकासखण्ड साक्षरता समिति बेरला द्वारा अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह व उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत बेरला के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभी वर्तमान में देशव्यापी साक्षरता अभियान के अंतर्गत 8 तारीख को साक्षरता दिवस के इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में विकासखंड स्तरीय पर आयोजन जनपद सभागार में आयोजित किया गया। इसमें सीएम साय के अभिभाषण के बाद उल्लास मेला का आयोजन एवं साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के असाक्षरों को स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य




के समस्त नागरिकों को साक्षर युक्त बनाते हुए हर घर साक्षरता अभियान की शुरूआत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के उद्बोधन व उल्लास शपथ का सीधा प्रसारण किया गया। सभी उपस्थित जनों के द्वारा शपथ ली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विकासखण्ड में 5000 से अधिक असाक्षरों का चिन्हांकन किया जाना एवं प्रति 10 असाक्षर को 1 स्वयंसेवी द्वारा साक्षर बनाया जाएगा। जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल ने साक्षरता का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में बोरिया के एक नागरिक ने प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में पढ़ लिखकर बहुत सुंदर हैंडराइटिंग करता है। उन्होंने समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक इसमें सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। वहीं, उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र के माध्यम से सभी असाक्षरों को साक्षर कर विकासखण्ड को शतप्रतिशत साक्षर बनाने सहयोग की बात कही। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बेरला के अध्यक्ष प्रीतम सिंह चन्देल, नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष बेरला मानक चतुर्वेदी, जनपद सदस्य गण, जनपद सीईओ जागेन्द्र साहू, बीईओ जयप्रकाश करमाकर, एबीईओ अधेश कुमार उइके, बीआरसी खोमलाल साहू, संकुल समन्वयक यशपाल राजपूत, प्रकाश चंद साहू, पंचराम मरकाम, डीईओ जनपद पंचायत मनोज देवांगन, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा संदीप वारे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेरला एवं जनपद पंचायत बेरला के कर्मचारी उपस्थित हुए।

# कलेक्टर ने की उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला कार्यालय के दृष्टि सभा कक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने प्राधिकरण के सदस्यों को संबोधित करते हुए इस राष्ट्रव्यापी अभियान में सभी को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने निर्देशित किया। साथ ही उल्लास की विभिन्न गतिविधियों पोर्टल में असाक्षरों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों का शत प्रतिशत पंजीयन करने को कहा। उन्होंने सभी ग्रामों में साक्षरता केंद्र प्रारंभ कर असाक्षरों को साक्षर बनाने एवं पर्यावरण के प्रति साक्षरता सह सजगता हेतु आवश्यक गतिविधियों का संचालन करने कहा, विशेष रूप से बुनियादी साक्षरता के घटक वित्तीय साक्षरता, मतदान की साक्षरता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक साक्षरता पर विशेष बल देने की बात कही। उपस्थित अधिकारियों को साक्षरता केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग करने, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को अधिक से अधिक इसमे जोड़कर पूर्ण साक्षरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने जिले मे उल्लास की गतिविधियों एवं सबके दायित्वों पर विस्तृत जानकारी दी। उल्लास के नोडल अधिकारी सुनील कुमार झा ने उल्लास कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं जिले एवं राज्य में हो रहे विभिन्न क्रियाकलापों के विषय मे बताया।इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, प्राचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय चन्द्रवंशी जी, डाइट प्राचार्य जे. के. घृतलहरे, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा सहित जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

**प्रदेश सचिव दाऊराम ने नवागढ़ विधानसभा में ली पार्टी पदाधिकारियों की बैठक**

# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटी शिवसेना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नवागढ़ विधानसभा के ग्राम बुंदेला में उद्धव बाला साहेब ठाकरे छत्तीसगढ़ शिवसेना की बैठक प्रदेश सचिव दाऊ राम चौहान की मौजूदगी में हुई। नगरीय निकाय, त्रिस्तरी पंचायत चुनाव लड़ने से लेकर संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।

इस दौरान दाऊ राम चौहान ने कहा कि पार्टी विस्तार एवं सदस्यता अभियान जिले में चलाया जा रहा है, जिसमें नवागढ़ विधानसभा के ग्रामों में भी चलाया जाने पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी ग्राम के विकास की जानकारी ले।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे की पार्टी से नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत में सरपंच, एवं नगर पंचायत में पार्षद व अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य के लिए पार्टी की सिंबाल मशाल छाप से उम्मीदवार उतारा जाएगा। इस बार जिले में शिवसेना पार्टी का भगवा केसरिया रंग से रंगने की बात करते हुए समस्त ग्रामवासियों से अपील की वे अधिक से अधिक शिवसेना पार्टी में सदस्य बनें। बैठक में जिला प्रमुख गिरवर रजक, जिला उप प्रमुख राम चरण वर्मा, जिला सचिव वीरू चौहान, नांदघाट मारो प्रभारी रामायण टंडन, नवागढ़ ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप आ डिंल, नवागढ़ विधानसभा मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राजपूत, बेरला ब्लॉक अध्यक्ष छविराम यादव, ग्रामीण सचिव दुखित वर्मा, नवागढ़ ब्लॉक उपाध्यक्ष रमेश रात्रै, ग्राम अध्यक्ष साहिल आडिल, ग्राम सचिव मुन्ना बघेल, हरीश डेहरिया सहित अन्य शिव सैनिक व ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# तिजहारिनों ने पारंपरिक खेलों में उत्साह से लिया भाग



**बेमेतरा।** गणेश चतुर्थी पर जिला मुख्यालय स्थित सिंघौरी में नवधा चौक गणेश उत्सव समिति, किसान समिति ,युवा समाजसेवी संस्था ने तिजहारिन दीदियों के सम्मान में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों का आयोजन किया। इस के तहत मटका फोड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ तथा अन्य प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इसमें अपने मायके आई हुईं तिजहारिनों ने बड़े उत्साह, प्रेम, उमंग के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को आकर्षक इनाम के रूप में साड़ी, हैंडबैग, रैंक बाल्टी, क्लीनर, दर्पण सहित विभिन्न प्रकार के सजावटी सामान के साथ-साथ नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर किसान समिति अध्यक्ष भानु राम साहू, डॉक्टर लोचन साहू, दोहई वर्मा,टोकेश्वर साहू,रानू वर्मा, ओंकार साहू, शक्ति शर्मा,दिनेश वर्मा, यादव राम साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# देवरबीजा सहकारी बैंक के सामने डाल दी रेत, कचरे का भी लगा ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/देवरबीजा

- गंदगी और अव्यवस्था से आने-जाने वालों को होती है परेशानी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कार्यालय परिसर में इन दिनों गन्दगी एवं अव्यवस्था का नज़ारा देखने को मिल रहा है। यहां सरकारी ऑफिस के एक ओर रेत का स्टॉक डम्प है, तो दूसरी ओर परिसर में गुटखा, तम्बाकू एवं पान सहित कूड़े-कचरे की गन्दगी बैंक शाखा प्रबन्धन की फजीहत करा रही है। बताया जा रहा है कि यहां तीन सहकारी समितियों में पंजीबद्ध हज़ारों कृषक पहुंचते हैं, जहां पर परिसर के समीप गन्दगी एवं अव्यवस्थता देखकर विचलित भी होते हैं। इस पर स्थानीय बैंक प्रशासक को सक्रिय एवं तत्पर होना






काफी जरूरी है, लिहाजा बैंक के इर्द-गिर्द सफाई व स्वच्छता के वातावरण न होने पर आमलोगों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के देवरबीजा ब्रांच मैनेजर जीवन सिंह ठाकुर ने रेत की डम्पिंग को लेकर स्थानीय पंचायत प्रशासन पर दोषरोपण किया। वहीं, सामने की ओर गुटखा, तम्बाकू एवं पान की लाली गन्दगी के लिए बैंक कार्यालय में अपने कृषि सहकारिता की वित्तीय लेनदेन कार्य के पहुंचने वाले किसानों पर गन्दगी फैलाने का आरोप लगाया। हालांकि बाद में उन्होंने सहकारी बैंक के कर्मचारी स्टॉफ से बोलकर गुटखा एवं कूड़े-कचरे की ढेर को साफ जरूर कराया।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से रामविलास को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में बालोद जिले के दल्लीराजहरा निवासी रामविलास पाठक को नया जीवन मिला है। श्री पाठक को इस वर्ष जून माह की शुरूआत में अचानक हार्ट अटैक आया।

आनन—फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहाँ डाक्टरों द्वारा उन्हें हार्ट अटैक के बेहतर इलाज के लिए रायपुर स्थित एम्स में रिफर किया गया। एम्स में उनके स्वास्थ्य जाँच के बाद डॉक्टरों ने उनके हार्ट की सर्जरी कराने तथा सर्जरी में लगभग 05 लाख रुपये खर्च आने की बात कही। रामविलास के परिजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पहुँचकर उनसे इलाज के लिए मदद को लेकर आवेदन दिया था। रामविलास पाठक के पुत्र रजनीश कुमार ने बताया कि हम सभी संयुक्त परिवार में रहते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। हार्ट सर्जरी की लागत लगभग 5 लाख रुपये आने की जानकारी मिलने पर हम पिताजी की सर्जरी का खर्च वहन नहीं कर सकते थे। हमारे परिवार ने उम्मीद छोड़ दी थी, कि अब कभी हमारे पिताजी स्वस्थ हो पाएंगे। रजनीश कुमार ने बताया कि ऐसी विकट परिस्थिति में हमें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी मिली और पिताजी के हार्ट की सर्जरी संभव होने की उम्मीद की एक किरण नजर आई। हमने रायपुर एम्स के डॉक्टर द्वारा इलाज में आने वाले खर्च का प्रस्ताव बनवाया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पहुँचकर उनसे इलाज में मदद के लिए आवेदन दिया।

**श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र का वर्णन**

# सच्ची मित्रता और भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया।

कथा व्यास आचार्य पंडित कुलदीप जोशी ने सुदामा चरित्र का सुंदर वर्णन किया। इस अवसर पर आयोजक प्रमोद सिंह ठाकुर एवं सत्संग प्रेमी एवं नागरिकों ने कथा का रसपान किया। आचार्य जोशी ने कहा कि सुदामा चरित्र महाभारत और भागवत पुराण में वर्णित भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र सुदामा की कथा है। सुदामा एक ब्राह्मण थे, जो अत्यंत निर्धन थे।



उनका जीवन गरीबी में बीत रहा था, लेकिन उनकी मित्रता भगवान श्रीकृष्ण के साथ थी, जो द्वारका के राजा थे। सुदामा और श्रीकृष्ण गुरुकुल में एक साथ पढ़े थे। गुरुकुल से विदाई के बाद सुदामा अपने घर वापस लौटे और गरीबी के साथ संघर्ष करने लगे। दूसरी ओर श्रीकृष्ण ने द्वारका में अपना राज्य स्थापित किया। सुदामा की पत्नी ने एक दिन उनसे आग्रह किया कि वे अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने जाएं और उनकी सहायता मांगे। सुदामा को यह विचार अच्छा नहीं लगा क्योंकि वे स्वाभिमानी थे और भीख मांगना नहीं चाहते थे। फिर भी अपनी पत्नी की जिद पर उन्होंने श्रीकृष्ण से मिलने का निर्णय लिया।

सुदामा के पास श्रीकृष्ण के लिए उपहार के रूप में कुछ चिउड़े (चावल के टुकड़े) थे। जब वे द्वारका पहुंचे तो श्रीकृष्ण ने उन्हें देखकर अत्यंत प्रसन्नता से स्वागत किया। उन्होंने सुदामा के पैरों को धोया और उन्हें गले लगाया। श्रीकृष्ण ने सुदामा से उनकी स्थिति के बारे में कोई प्रश्न नहीं किया, लेकिन जब उन्होंने सुदामा द्वारा लाए चिउड़े खाए, तो उनकी कृपा से सुदामा के घर में अद्भुत बदलाव आ गया। जब सुदामा अपने गांव लौटे तो उन्होंने देखा कि उनकी झोपड़ी एक सुंदर महल में परिवर्तित हो चुकी थी।

यह श्रीकृष्ण की कृपा का परिणाम था। इस प्रकार सुदामा की गरीबी दूर हो गई लेकिन उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी भक्ति और मित्रता को कभी नहीं छोड़ा। सुदामा चरित्र से यह सीखने को मिलता है कि सच्ची मित्रता और भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी आदर्श मानी जाती है।

